प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.04.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

पीएमश्री योजना

केंद्र सरकार ने पीएमश्री स्कूल योजना के तहत हिमाचल के एक सौ 99 पीएमश्री स्कूलों के लिए एक सौ 28 करोड़ रूपए मंजूर किए हैं। दिल्ली में प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड की वार्षिक बैठक में ये स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में हिमाचल की तरफ से शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने हिस्सा लिया। केंद्र से मंजूर हुई धनराशि से प्रदेश के पीएमश्री स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के अलावा नवाचार व आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को बेहतर बनाया जाएगा।

पोषण पखवाड़ा

देशभर में पोषण पखवाड़े का 8वां संस्करण कल से शुरू हो गया है जो 23 अप्रैल तक चलेगा। नई दिल्ली में पोषण पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पोषण पखवाड़े का उद्देश्य पोषण को जन आंदोलन बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार पोषण परिणामों को राष्ट्रव्यापी स्तर पर मजबूत करने के लिए राज्यों से सर्वोत्तम प्रथाओं की पहचान करेगी और उन्हें व्यापक स्तर पर लागू करेगी।

इधर पोषण पखवाड़े के तहत प्रदेश के आंगनवाड़ी केंद्रों में जागरूकता कार्यक्रम, पोषण से जुड़ी गतिविधियां और बच्चों के लिए खेल आधारित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि राज्य सरकार खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है। वे किन्नौर जिला के पंद्रह–बीस क्षेत्र की छोटा कम्बा पंचायत के देवखंग मिनी स्टेडियम में युवक मंडल द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। जगत सिंह नेगी ने युवाओं से नशे की प्रवृति से दूर रहकर खेलकूद की तरफ ध्यान देने का आह्वान किया।

कूड़ा संयंत्र

ऐतिहासिक चम्बा नगर की सुंदरता को बरकरार रखने के लिए नगर से निकलने वाले कूड़े का सही निष्पादन आवश्यक है। लम्बे समय से नगर में कूड़ा संयन्त्र स्थापित करना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। चम्बा में लगने वाले कूड़ा संयंत्र के लिए जगह की चयन प्रक्रिया जहां नगर परिषद द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू की गई है वहीं भगोत में प्रस्तावित कूड़ा संयन्त्र का स्थानीय लोगों ने विरोध जताया है।

डिस्पैच –

चम्बा नगर से निकलने वाले कूड़े कचरे के निष्पादन के लिए कुछ वर्ष पूर्व कुरांह में स्थापित कूड़ा संयंत्र आग की भेंट चढ़ गया जिसके बाद से ये समस्या पेश आई है। कई बार रात के अंधेरे में लोग सारा कूड़ा व कचरा रावी नदी में फेंक देते हैं जिससे

जीवन दायिनी रावी नदी भी प्रदूषित हो रही है। अगर ये कूड़ा संयंत्र जल्द स्थापित नहीं होता तो आने वाले समय में इसके घातक परिणाम सभी को भुगतने पड़ेंगे। आकाशवाणी के लिए चम्बा से विकास ठाकुर

विश्व होम्योपैथी दिवस

आज विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस होम्योपैथी के संस्थापक डॉ. हैनिमैन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 का विषय है–सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी है। आयुष विभाग द्वारा प्रदेश के कई स्थानों पर निशुल्क जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। लाहौल–स्पिति के बीलिंग गांव में आज निःशुल्क होम्योपैथी शिविर लगाया गया है। शिविर में विशेषज्ञ होम्योपैथिक चिकित्सक लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श व दवाईयां वितरित करेंगे।

संवाद

युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के तहत मेरा युवा भारत द्वारा 12 व 13 अप्रैल को चंडीगढ़ में बजट क्वेस्ट 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़ व पंजाब के 7 सौ 14 चयनित युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश से 2 सौ 62 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिनमें कांगड़ा जिला के 58 और कुल्लू जिले से 15 युवा शामिल हैं। 13 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिभागियों से वर्चुअल संवाद कर बहुमूल्य सुझाव देंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को बजट से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा, प्रश्नोत्तरी और इंटरेक्टिव सत्रों के माध्यम से विचार व्यक्त करने का अवसर मिलेगा।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।